卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 148 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦4 मार्च 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## घर में अकेली रह रही वृद्ध महिला की गला रेतकर हत्या

देहरादून (उद संवाददाता)।भंडारी बाग में लूट के बाद 75 साल की वृद्धा की गला रेतकर हत्या कर दी गई। महिला इस मकान में अकेली रहती थी। महिला की तीन बेटियां हैं जो वसंत विहार में रहती हैं। जानकारी के मुताबिम 75 वर्षीय कमलेश धवन पत्नी स्व. इन्द्रराज धवन भंडारी बाग स्थित एक मकान में अकेली रहती थी। अज्ञात लोगों ने रात को घर में धावा बोलकर महिला की हत्या कर दी। अंदेशा है कि चोर घर से नगदी और कीमती सामान लूटकर ले गये हैं। बताया



गया है कि शुक्रवार रात से कमलेश धवन का फोन नहीं उठ रहा था। सुबह बेटियों ने घर आकर देखा तो घर का मंजर देखकर उनके होश उड़ गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस जब घर पहुंची तो तो घर के भीतर अलमारी का सारा समान बिखरा पड़ा था। एसपी सरिता डोबाल सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। बताया जाता है कि इससे पहले भी इसी घर (शेष पृष्ठ सात पर)

## युवक का शव मिलने से सनसनी

सितारगंज(उद संवाददाता)। क्षेत्र के बैगुल डैम किनारे ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। शनिवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि बैगुल डैम किनारे अज्ञात शव पड़ा है। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव की शिनाख्त के लिए आसपास के गांव में संपर्क साधा। जिसके बाद मृतक की पहचान हल्दुआ गांव के 25 वर्षीय मिंटू पुत्र रामपाल के रूप में हुई। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक अपने माता–पिता का इकलौता पुत्र था। मृतक के पिता का पूर्व में ही देहांत हो चुका है। एवं बहनों की शादी हो चुकी है। बताया कि मृतक की शादी बहेड़ी के किसी गाँव से हो गई थी जिससे एक पुत्र है। किंतु पति पत्नी में अनबन के चलते पत्नी ने कहीं दूसरी जगह शादी कर ली है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल भूपेंद्र बृजलाल ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## पेड़ गिरने से मजदूर की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)। शुक्रवार की देर शाम एक मजदूर पर पेड़ गिरने से उसकी मौत हो गई।मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया।शुक्रवार को वन निगम की ओर से ज्वालावन क्षेत्र में पेड़ कटान का कार्य चल रहा था।ग्राम बेकनपुर शक्तिफार्म सितारगंज जिला ऊधमसिंह नगर निवासी मधुसुदन मांझी मजदूर भी पेड़ कटान का कार्य कर रहा था और मजदूर पेड़ के नीचे खड़ा था।इसी दौरान पेड़ की एक बड़ी टहनी टूटकर उसके ऊपर जा गिरी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायल को अन्य मजदूरों द्वारा उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया।जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है।

## इलेक्ट्रिक शोरूम में आग से लाखों की क्षति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। चोरगलिया रोड स्थित एक इलेक्ट्रिक शोरूम में देर रात आग लग जाने से लाखों रुपए कीमत का सामान जल कर राख हो गया।



घटना से वहां अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलते ही शोरूम स्वामी, पुलिसकर्मी तथा दमकल कर्मी मौके पर आ पहुंचे और उन्होंने आग बुझाने का काम शुरू किया। जानकारी के अनुसार मध्य रात्रि बन भूलपुरा थाना के समीप एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान केजीएन इलेक्ट्रॉनिक्स में शॉर्ट सर्किट के चलते भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस एवं दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकान स्वामी ने अग्निकांड की इस घटना में लाखों रुपए का नुकसान होना बताया है।

## हर वायदे को पूरा कर रही भाजपा सरकार: अजय भट्ट

### केन्द्रीय रक्षा मंत्री भट्ट और खेल मंत्री रेखा आर्या ने किया फुटबाल मैदान का भूमिपूजन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट एवं जनपद की प्रभारी मंत्री व रेखा आर्या ने फुटबॉल मैदान का विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में बन रहे इस फुटबॉल मैदान की कुल लागत करीब 477.39 लाख रुपये है जो कि एक वर्ष में पूर्ण हो जाएगा। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने अपने संबोधन में समस्त क्षेत्र वासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार "जो कहा वह पूरा किया" वाक्य पर आगे बढ़ रही है। इस मैदान के बनने से हमारे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को और अधिक सुदृढ़



करने में मदद मिलेगी।उन्होंने खेल मंत्री रेखा आर्या की तारीफ करते हुए कहा कि जिस तरह से हमारी छोटी बहन अपने विभागीय कार्यों को बेहतरीन तरीके से कर रही है वह काबिले तारीफ है। वहीं इस दौरान जिले की प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि आज हमारा प्रदेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी वासियों की लगातार मांग थी कि यहाँ पर स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में एक फुटबॉल मैदान होना चाहिए जिसे हमने गंभीरता से लिया और आज इसका विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास कर दिया गया है। यह मैदान एक साल के भीतर पूर्ण हो जाएगा जिसमे कि आने वाले समय मे फुटबॉल के कई मैच आयोजित होंगे साथ ही हमारे प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने का एक सुनहरा अवसर मिलेगा। खेल मंत्री ने कहा कि हम अपने पारंपरिक व पौराणिक खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।(शेष पृष्ठ सात पर)

## स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने गश्त के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध समैक सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार एसआई विकास भगत के नेतृत्व में पुलिस टीम गंगापुर रोड पर शमशान घाट पुलिया से आगे चैकिंग कर रही थी। एक व्यक्ति शमशान घाट पुलिया की तरफ से पैदल आता दिखायी दिया। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता राहुल शर्मा पुत्र महेन्द्र पाल शर्मा निवासी गंगापुर रोड़ शमशान घाट से पहले ट्रांजिट कैम्प बताया। कड़ी पूछताछ में उसने (शेष पृष्ठ सात पर)

## गौपालन से दुग्ध उत्पादन में होगी बढोत्तरी: कोश्यारी

सितारगंज(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री व महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी अपने कुमाऊँ दौरे पर भ्रमण के दौरान नगर के श्रीकृष्ण प्रणामी महाराजा अग्रसेन गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में गौभक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब से केन्द्र में भाजपा की सरकार आई है तब से भारत की कीर्ति विश्वस्तरीय बढ़ी है और प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भर भारत बनाने का जो संकल्प लिया उसमें हम हर पल कामयाबी की और बढ़ रहे हैं।उसी लगन के साथ गौपालन में भी वृद्धि हुई है, गाय को पालने से उसकी सेवा से पुण्य के साथ साथ दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि हुई है, उत्तराखंड में जगह जगह गौशालायें बनी हुई हैं सितारगंज की गौशाला बहुत सुन्दर स्वच्छित व व्यवस्थित है इसके लिए गौशाला संचालनकर्ता बधाई के पात्र हैं। गौशाला के अध्यक्ष शीतल सिंघल व महामंत्री महेश मित्तल ने



बताया कि भगत दा ने गौशाला परिसर का भ्रमण कर गौमाता की महाआरती की व गायों को हरा चारा भी खिलाया। इस मौके पर शिवकुमार मित्तल,रोशन लाल अग्रवाल ,रतन लाल गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, भाजपा मण्डल अध्यक्ष आदेश चौहान, सुरेश अग्रवाल, सुरेश सिंघल, भाजपा नेता पलविन्दर सिंह, अजीत सिंह जोशन, उमाशंकर(शेष पृष्ठ सात पर)

## बीस हजार के इनामी को उड़ीसा से किया गिरफ्तार

रामनगर(उद संवाददाता)। रामनगर कोतवाली पुलिस ने करीब 5 माह से धोखाधड़ी के एक मामले में फरार चल रहे 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी को



उड़ीसा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि रामनगर तहसील के राजस्व (शेष पृष्ठ सात पर)

## महंगाई के खिलाफ युकांईयों ने फूंका सरकार का पुतला

काशीपुर(उद संवाददाता)। युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौक पर बढ़ती महंगाई एवं घरेलू गैस सिलेंडर के बेतहाशा दामों पर बढ़ोतरी पर केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार के खिलाफ पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में समस्त युवा कांग्रेस कार्यकर्ता महाराणा प्रताप चौक पर एक समूह के रूप में इकट्ठे हुए तथा केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एवं प्रदेश सरकार महंगाई को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। रसोई गैस में बेतहाशा वृद्धि कर दी है। जहां पहले कांग्रेस की सरकार में घरेलू गैस की कीमत 400 सिलेंडर होती थी आज वह बढ़कर 1150 हो चुकी है और कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 2000 पार कर गई है और सब्सिडी भी पूरी तरीके से बंद हो चुकी है। भाजपा सरकार से आम जनता तंग हो चुकी है। इसी तरह अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज महंगाई चरम सीमा पर है और हमारे देश के मुखिया चौन की बंसी बजा रहे हैं उन्होंने कहा कि महंगाई की वजह से महिलाओं के घर का बजट बिगड़ चुका है । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की महिलाओ से वादा किया था कि वह देश की महिलाओं को चूला फुकने से आजादी दिलाएंगे लेकिन आज महिलाएं गैस महंगी होने की वजह से फिर से चूला फुकने को मजबूर हो गई हैं।वसीम अकरम ने कहा कि सिलेण्डर महंगा होने की वजह से केंद्र सरकार की उज्ज्वला योजना भी फेल हो चुकी है और गरीबों के घरों में गैस सिलेंडर शोपीस बनकर रह गए हैं। उन्होंने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकार से मांग करे की गैस सिलेंडर के दामों की में जो वृद्धि की गई है उसको तुरंत वापस लिया जाए अन्यथा कांग्रेस कार्य कर्ता सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे।

## धरपकड़ अभियान में पुलिस ने पकड़े 14 वारंटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वारंटियों के खिलाफ चलाये जा रहे धरपकड़



अभियान के तहत रम्पुरा चौकी और ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने 14 वारंटियों को गिरफ्तार किया है। रम्पुरा पुलिस ने इरशाद हुसैन अल्ताफ हुसैन प्रीत विहार कॉलोनी ,लियाकत पुत्र शहजादे निवासी वार्ड नंबर 19 किच्छा बाईपास रोड ,नवाब अली पुत्र मुन्नी अली निवासी वार्ड नंबर 4 रेशम रेशम बाड़ी,कुंवर पाल पुत्र नोनी राम निवासी वार्ड नंबर 8 रम्पुरा,छोटेलाल पुत्र रतनलाल निवासी वार्ड नंबर 8रमपुरा ,जागवती पत्नी मंगन लाल के निकट काली मंदिर रमपुरा को गिरफ्तार कर (शेष पृष्ठ सात पर)

# चोरी का खुलासा:जेवर और नगदी समेत दो गिरफ्तार

केलाखेड़ा( उद संवाददाता)। क्षेत्र के ग्राम रामनगर में विगत सप्ताह अज्ञात चोरों द्वारा की गई चोरी का पुलिस द्वारा खुलासा करते हुई दो युवको को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सोने व चॉदी के जेवर और बरामदगी की गई। पड़ोस के ही रहने वाले युवकों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस द्वारा चोरी की घटना को चुनौती मानते हुए टीम बनाकर घटना में संलिप्त युवको को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। केलाखेडा थाना प्रांगण में अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर एएसपी अभय सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी बाजपुर भुपेन्द्र सिंह भण्डारी की मौजूदगी में ग्राम रामनगर में एक सप्ताह पूर्व हुई चोरी का खुलासा करते हुए बताया गया कि ग्राम रामनगर निवासी हीरालाल पुत्र लाल चंद के घर अज्ञात चोरों द्वारा गृह स्वामी की गैर मौजूदगी में घर में धुस कर घर मे रखी अलमारी से सोने का हार,सोने के झुमके,चॉदी की पाजेवे व पॉच हजार रू की नगदी चोरी कर ली गई। जिसकी तहरीर 28 फरवरी 2023 को हीरालाल द्वारा दी गई थी तहरीर के आधार मुकदमा दर्ज कर,पुलिस द्वारा टीमें बनाकर चोरी के



खुलासे के लिए टेक्निकल, मैनुअल, सर्विलांस व मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर प्रयास किये जाने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए थानाध्यक्ष केलाखेडा द्वारा दिनॉक 2 फरवरी को संदिग्धता के आधार पर पवन काम्बोज पुत्र ओमचंद निवासी रामनगर थाना केलाखेडा को थाने लाकर पूछताछ की गई तो पवन कुमार द्वारा चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की गई तथा उसने बताया कि उसने कुछ सामान अपने दोस्त सनिकेत पुत्र चन्द्रसेन निवासी ग्राम लंकुरा थाना केलाखेडा को बेचने के लिए दिया है तथा चोरी की गई नगद धनराशि पॉच हजार में से दो हजार रूपये खर्च कर दिये व शेष तीन हजार रू व चोरी का सामान स्वंय के घर रखे होने की बात बताई। पुलिस टीम द्वारा पवन काम्बोज की निशानदेही पर पवन काम्बोज के घर से चोरी किये कान के सोने के झुमके एक जोडी चॉदी की पाजेव व तीन हजार रूपये की नगदी बरामद कराई। पवन के बयान अनुसार सनीकेत के घर से दोनो की निशानदेही पर सोने का हार बरामद किया। पुलिस द्वारा बरामद माल की पहचान पीडित से करवाई गई जिसे पीड़ित द्वारा अपना होना बताया गया दोनों अभियुक्तो को धारा 380, 454,411 में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल, उपनिरीक्षक जितेन्द्र खत्री,गणेश पाण्डेय,हे0का0 राजेश यादव तथा महेन्द्र सिंह शामिल थे।

# चोरी के खुलासे को लेकर थानाध्यक्ष से मिला अधिवक्ताओं का शिष्ट मंडल

केलाखेड़ा( उद संवाददाता)। ग्राम रामनगर में एक वर्ष पूर्व बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद राणा के भाई के घर हुई चोरी के खुलासे को लेकर बार उपाध्यक्ष कृष्ण लाल मौर्य की अगुवाई में दर्जनो अधिवक्ताओं का शिष्ट मंडल केलाखेडा थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल से मिला तथा उन्होने साथी सदस्य के भाई के घर हुई चोरी के खुलासे की मांग की। वही दूसरी ओर थानाध्यक्ष ललित



मोहन रावल शिष्ट मंडल को बताया कि पुलिस द्वारा चोरी तथा किसी भी प्रकार के अपराध की प्रत्येक घटना चुनौती के रूप में लिया जाता है। इस घटना के खुलासे को लेकर पूर्व में काफी प्रयास किये गये है तथा वर्तमान में भी पुलिस की टीमें प्रयासरत है घटना का जल्द खुलासा किया जायेगा। शिष्ट मंडल दल में बार ऐसोशियन सचिव निरज जौहरी,कोषाध्यक्ष इकबाल,अधिवक्तागण राजेश पाण्डेय प्रेम सागर,देवेन्द्र राणा,जगदीश राणा,कुनाल,सुरज शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

# नशे की रोकथाम के लिए आम जन मानस को भी करने होंगे प्रयास:एएसपी

केलाखेड़ा( उद संवाददाता)। अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह द्वारा प्रेस वार्ता कर पत्रकारो के नशे से संबधित सवालो का जवाब देते हुए कहा गया कि जिस प्रकार युवा वर्ग में नशे का क्रेज बढता जा रहा है नशे की रोकथाम के लिए पुलिस द्वारा हर स्तर पर नशे की सप्लाई व खरीदारी दोनो को रोकने के सम्भव प्रयास किये जा रहे है। इसके लिए आमजनमानस को भी एक पुलिस कर्मी की भुमिका निभानी होगी। आपके आस-पास या परिवार में युवाओं की गतिविधयो पर देखरेख रखनी होगी यदि किसी युवा की दैनिक क्रिया कलापो में तब्दीली दिखाई दे तो उस पर घ्यान देकर एक काउंसलर के रूप में उसे इस दुष्प्रभावों के प्रति स्नेह से जागृत करना होगा तभी हम सबका मिलकर किया गया प्रयास सार्थक होगा।

# नशे की खातिर चोर बने पवन व अनिकेत

केलाखेड़ा। अभियुक्त पवन व सनीकेत की आपस में घनिष्ठ मित्रता है तथा दोनों नशे के आदि है। नशे की पूर्ति के लिए दोनो के पास कोई जरिया ना होने के चलते पवन ने पड़ोसी हीरालाल के घर मे रहने वाले सभी लोगो की विवाह समारोह में जाने की जानकारी के चलते चोरी का प्लान बनाया वह अपने प्लान में सफल भी रहा परंतु पुलिस की तीखी नजरो से नही बच पाये पुलिस को अभियुक्त पवन पर शुरू से ही शक था जब पवन से पूछताछ की गई तो वह टूट गया। पवन के द्वारा बताया गया कि नशा पूर्ति करने लिए उसके पास कोई जरिया नही है। लिहाजा उसने यह चोरी का रास्ता अपनाया।

# मंदिर मनकामेश्वर में कल होगा होली मिलन समारोह

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा नगर इकाई द्वारा महानगर कार्यालय पंतजलि केंद्र एलाइंस कॉलोनी में एक वैठक का आयोजन किया गया। बैठक में होली मिलन कार्यक्रम की कार्ययोजना सभी कार्यकारिणी के सदस्यों द्वारा तैयार की गई साथ ही सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। महानगर अध्यक्ष रविन्द्र शर्मा ने बताया कि कल 5 मार्च दिन रविवार को श्री मनकामेश्वर मंदिर श्याम टॉकीज रोड पर शाम 3 बजे से होली मिलन का कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक संजीव शर्मा, अशोक शर्मा, अजय राज शर्मा, शिव कुमार शर्मा नियुक्त किये गए। बैठक में सरक्षंक अमित तिवारी, महामंत्री संजीव शर्मा सहित डॉ. राहुल भारद्वाज, पुनीत तिवारी, देवेंद्र गोस्वामी, संजीव शर्मा, पवन कुमार पांडे, उमेश कौशिक, ललित शर्मा, अजय राज शर्मा, अशोक शर्मा, अखिलेश पांडे, डॉ अनन्त पांडे व सदस्यगण आदि मौजूद थे ।

# डीएम ने जया अरोरा को किया सम्मानित

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने वेजिटेशन डायनामिक्स ऑफ द लैंडस्लाइड-ईडुस्ड डिस्टर्बड हैबिटाट्स इन नन्दा देवी पर्यावरण अध्ययन विभाग के अंतर्गत दिल्ली में राष्ट्रपति द्वारा विद्या-वाचस्पति प्रदान किए जाने पर जिला कार्यालय में जया अरोरा को बधाई व शुभकामना दी।



बायोस्फियर रिजर्व एरिया ( वेस्टर्न हिमालय): एन इकोजिनोमिक स्टडी पर शोध प्रबन्ध स्वीकृत हो जाने के उपरांत जया अरोड़ा को 2023 के दीक्षांत समारोह में दिल्ली विश्वविद्यालय की जया अरोरा ने बताया कि यह रिसर्च उत्तराखंड के नंदा देवी बायोस्फीयर रिजर्व और फूलों की घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के 2013 की लैंडस्लाइड्स से आई आपदा के इकोनॉमिक एस्पेक्ट पर की गई है। इकोजनोमिक का मतलब इकोलॉजी और जेनेटिक्स दोनों है। इसके लिए रिसर्च एरिया अलकनंदा वैली के जोशीमठ से लेकर बद्रीनाथ तक और पुष्पावती वैली के फूलों की घाटी और हेमकुंट साहिब तक कवर किया गया है। ये रिसर्च प्रोजेक्ट सितंबर 2015 में शुरू किया गया था और 2022 में पूरा किया गया है। इस शोध का मुख्य उद्देश्य उत्तराखंड की जैव विविधता को संरक्षित करना था। यह डॉक्टरेट की उपाधि मुझे राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा प्रदान की गई है। इसकी ब्रीफ फाइंडिंग्स ये निकले हैं कि हमें मिट्टी में फेरबदल करनी पड़ेगी प्लांट ग्रोथ प्रमोटिंग बैक्टीरिया इनोक्युलेट करके ताकी एक ऐसा मिट्टी कंसोर्टियम बन सके ताकि लैंडस्लाइडिंग होने का प्रोसेस डिले हो सके या खत्म हो सके। ताकी हम आबादी को भूस्खलन आपदा से बचा सकें। इन शोध निष्कर्षों को लागू करने और ऐसे शोध प्रस्तावों को आगे बढ़ाने के लिए हमने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है। इस वक्त वहां डॉ. जया अरोड़ा के पिता नरेंद्र अरोड़ा, भारत भूषण चुघ, गुरमीत सिंह, सुनील ठुकराल, एसके नैय्यर, सुंदर अदलखा, दिलराग सिंह बाजवा, अनिल वाधवा और कुणाल अरोड़ा मौजूद थे।

# निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कैंप का ठुकराल ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एसएस जैन सभा एवं सकल जैन समाज रुद्रपुर की ओर से जैन गुरु सुदर्शन जन्म शताब्दी के उपलक्ष में आदर्श कालोनी स्थित जैन मंदिर में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच कैंप का शुभारम्भ पूर्व विधायक



राजकुमार ठुकराल ने फीता काटकर किया। निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर में स्पेशलिस्ट एवं एमडी डॉक्टरों ने मरीजों की जांच चिकित्सा परामर्श दिया इस दौरान आंखों से संबंधित बीमारियों की जांच भी की गयी। इस अवसर पर अशोक जैन, प्रवीण जैन, जयभगवान जैन, कमल जैन, मोहित जैन, मनोज जैन, श्रुत जैन, संजय ठुकराल आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# शिविर में बच्चों ने दिखाए योग के करतब

गदरपुर(उद संवाददाता)। महिमा चैरिटेबल सोसायटी के सौजन्य से आवास विकास स्थित शहीद पार्क में लगाए गए सात दिवसीय निशुल्क योग एवं स्वास्थ्य शिविर समापन पर ब्लॉक सभागार में किए गए कार्यक्रम गया।कार्यक्रम में बच्चों द्वारा योग की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करते हुए सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।कार्यक्रम का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर लंगड़ा भोज के प्रधानाचार्य सुमन अवस्थी द्वारा किया गया।इस अध्यक्ष चंद्रिका फौगाट ने कहा कि उनके द्वारा योग शिक्षा ताइक्वांडो सहित अन्य कई प्रकार के शिविरों का आयोजन करके जागरूकता लाई जा रही है ताकि लोग अपने स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक हो उनके द्वारा सफाई और योग के महत्व पर वार्ता करते हुए सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया स कार्यक्रम के समापन पर बीडियो शेखर जोशी,मुख्य अतिथि सुभाष व्यापारी,महिमा






में सहभागिता करने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों को पुरस्कृत किया गया। वीडीओ शेखर जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे एसडीएसएन इंटर कॉलेज दुर्गापुर के एमडी और आप पार्टी के जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया दौरान सुभाष व्यापारी द्वारा कहा गया कि योग एवं स्वास्थ्य शिविर के आयोजन से सभी लोगों को लाभान्वित होकर अपने शरीर को स्वस्थ रखना चाहिए। उन्होंने ऐसे शिविरों का आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में भी करने का आह्वान किया। वीडीओ शेखर जोशी ने महिमा चैरिटेबल सोसायटी द्वारा किए जा रहे ऐसे शिविरों की सराहना करते हुए धन्यवाद किया। सोसाइटी की विभिन्न प्राणायाम ,अनुलोम विलोम, कपालभाति, शीर्षासन सहित कई प्रकार के योग क्रियाओं का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान एसडीएसएन इंटर कॉलेज के सहायक अध्यापक जयप्रकाश सिंह द्वारा मां सरस्वती की वंदना करने के साथ वंदे मातरम गीत का महत्व बताया कार्यक्रम के अंत में पत्रकार देवेंद्र सिंह द्वारा शुद्ध हवा,शुद्ध पानी,शुद्ध खाना-पीना ,तन मन की चौरिटेबल सोसायटी की अध्यक्ष चंद्रिका फौगाट एवं उपाध्यक्ष कविता कांडपाल द्वारा शिविर में सहभागिता करने वाले सभी बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान नितिन ग्रोवर महामंत्री,मोहित घुगत्याल संगठन मंत्री, सदस्य मानसी,पलक ,आदि ,विद्या देवी, कुसुम शर्मा,सुनीता राणा,मनप्रीत कौर ,परमजीत,पूनम, सोनिया,अनुष्का एवं कान्हा सहित तमाम बच्चे मौजूद थे।

# पड़ोसी के कमरे में युवक ने फांसी लगाकर दी जान

गदरपुर( उद संवाददाता)। संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति ने पड़ोसी के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान किराएदार महिला दुकान पर सामान लेने गई हुई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गदरपुर मजराशीला इंटर कॉलेज की नहर वाली कॉलोनी में पर्वतपुर दरियाल थाना टांडा का गुरजिंदर सिंह पुत्र जगतार सिंह किराए पर रहकर राजमिस्त्री का कार्य करता था। विगत दिवस सुबह अपने छत से पड़ोसी के छत से होते हुए दूसरे पड़ोसी के कमरे में गया। पड़ोसी किराए पर रहने वाली महिला आशा से चोट लगने की बात कहकर सरसों की तेल की मांग की। यह सुनकर महिला किराने की दुकान पर



चाय पत्ती आदि लेने चली गई। पुलिस के अनुसार महिला की गैरमौजूदगी में गुरजिंदर सिंह कमरे में पहुंचकर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी के फंदे पर झूल गया। लगभग 25 मिनट बाद महिला अपने घर वापस पहुंची। तो देखा कमरा अंदर से बंद था। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर गुरजिंदर सिंह फांसी के फंदे में लटका हुआ था। गुरजिंदर सिंह अपने तीन पुत्र जयदीप 13 अभिजोत 10 तथा विक्रम 7 वर्षीय को रोता बिलखता छोड़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गुरजिंदर सिंह का शव को फंदे से उतारकर कब्जे में लेते हुए वैधानिक कार्रवाई की। उप निरीक्षक ओम प्रकाश ने बताया सूचना मिलने पर पुलिस पंचनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की।

अरोरा डेन्टल केयर
Dental Facilities / सुविधायें
डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर B.D.S., PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा B.D.S., (Dental Surgeon) M.9997327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
Opp.Prabal Enclave,Near ICON School,SidculBigwara Road (Rudrapur) Mo-9837081085 , 9997327642

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# 3.99 करोड़ की सड़कों से चमकेगा किच्छा: गौरव

किच्छा(उद संवाददाता)। लोक निर्माण विभाग मंत्री सतपाल महाराज ने किच्छा विधानसभा क्षेत्र की सड़कों के लिए लगभग 4 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए है।किच्छा विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने विधायक कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि विधायक तिलकराज बेहड़ ने विगत वर्ष 2022 में लोक निर्माण विभाग उत्तराखंड सरकार के मंत्री सतपाल महाराज से मिलकर उनको किच्छा विधानसभा की सडको की दुर्दशा से अवगत कराया गया था व पत्र के माध्यम से सडको की मांग की गयी थी जनहित में सड़कों के निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है जिसपर संज्ञान लेते हुए उन्होंहे आस्वस्त किया था की इन सडको का निर्माण जल्द कराया जायेगा उसी क्रम में आज लोक निर्माण मंत्री सतपाल महाराज द्वारा इन सडको के निर्माण का शाशनादेश जारी कर दिया गया है जिसमें संजय कॉलोनी पंतनगर में 594 मीटर मोटर मार्ग का निर्माण जिसकी लागत 34 लाख 12 हजार, ग्राम दरऊ में मोटर मार्ग स्थित श्मशान घाट से



पश्चिम वाली नहर तक 1200 मीटर, रेलवे फाटक से सड़क का डामरीकरण संत कबीर दास मंदिर तक जिसकी लागत 20 लाख 98 हजार, ग्राम कनंकपुर में प्रतापपुर मार्ग से आशा पति त्रिपाठी के खेत तक 575 मीटर सड़क जिसकी लागत 29 लाख 16 हजार ग्राम प्रतापपुर में रामनारायण के खेत से होते हुए नगला लालपुर मार्ग तक 900 मीटर सड़क निर्माण का प्रथम चरण, ग्राम गंगापुर लोहारी में संपर्क मार्ग से होली प्रसाद के घर तक 500 मीटर सड़क निर्माण जिस की लागत 54 लाख 4 हजार, सुरेन्द्रा पेट्रोल पंप के सामने रोड सिरौली नहर पुलिया तक 800 मीटर निर्माण जिसकी लागत 19 लाख 76 हजार, जवाहर नगर में चंद्र बल्लभ नैनवाल के घर से बद्री दत्त भट्ट के घर तक सड़क निर्माण 700 मीटर जिसकी लागत 52 लाख 24 हजार, माता फार्म ग्राम नजीबाबाद में माता फार्म मोटर मार्ग का डामरीकरण 1400 मीटर जिसकी लागत 62 लाख 21 हजार, ग्राम मलसी में पुराने गुरुद्वारे से पार डेरे तक 1385 मीटर सड़क निर्माण की लागत 64 लाख 57 हजार सहित ग्राम नोगवा से दरऊ रोड स्थित आरा मशीन 1405 मीटर सड़क निर्माण इसकी लागत 58 लाख 32 हजार आदि शामिल हैं। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष दर्शन कोली, दीप हंसपाल, सुनीता कश्यप, दलजीत सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# वैष्णों देवी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा 14 मार्च से

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।वैष्णों भजन मंडल द्वारा गत वषों की भांति इस वर्ष भी पूज्यनीय श्री मद् वैष्णवी शक्ति पीठाधीश्वरी मां हंसेश्वरी भारती जी महाराज के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में स्वामी श्री नारायण चैतन्य जी महाराज के पावन सानिध्य में वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम(वैष्णों देवी मंदिर), आदर्श कालोनी में आगामी 14 मार्च से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए पूर्व पार्षद कंचन, सतनाम सिंह व महंत श्री भजन प्रकाश अरोरा ने बताया कि कार्यक्रम में श्री तुलसीधाम, मलसा गिरधरपुर के स्वामी श्री राजेन्द्र जी महाराज, पटौदी हरियाणा के स्वामी श्री धर्मदेव जी महाराज, अनंत प्रेम आश्रम, रूद्रपुर के संत श्री प्रेम निष्ठानंद जी महाराज तथा श्री हरिधाम बाला जी मंदिर, शारदा कालोनी रूद्रपुर के महंत श्री मनीष सलूजा जी महाराज विशेष रूप से आमंत्रित हैं। उन्होंनें बताया कि 13 मार्च दिन सोमवार को दोपहर 3 बजे से भव्य कलश शोभा यात्रा श्री वैष्णवी शक्ति पीठ आश्रम (वैष्णों देवी मंदिर, आदर्श कालोनी) से प्रारम्भ होगी। जिसके पश्चात 14 मार्च से 20 मार्च तक प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक कथा व्यास स्वामी नारायण चैतन्य जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा सुनाई जायेगी। 21 मार्च दिन मंगलवार को प्रातः 10 बजे हवन एवं पूर्णाहुति, 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक संत प्रवचन होंगे। इसके पश्चात जन्मोत्सव व भण्डारा आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि 29 मार्च दिन बुद्धवार को दुर्गा अष्टमी के पावन पर्व पर रात्रि 10 बजे से विशाल मां भगवती जागरण आयोजित किया जायेंगा।

# खेल साक्षरता प्रसार अभियान का वार्षिकोत्सव शुरू

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फौजी मटकोटा इण्टर कॉलेज के खेल मैदान में खेल साक्षरता प्रसार अभियान का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन पार्षद मोहन लाल खेड़ा,एथलीट कोच रघुवीर सिंह तथा संस्था के प्रतिनिधि द्वारा रिबन काटकर किया गया। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि पार्षद मोहन खेड़ा ने कहा कि खेलों का जीवन में विशेष महत्व है। खेलों से जहां शरीर स्वस्थ रहता है वहीं खेल मानसिक तनाव को भी दूर करते हैं। खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में अहम भूमका निभाते हैं। उन्होंने बच्चों से खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आहवान किया। बता दें पिछले एक वर्ष से स्पोर्ट्स ए वे ऑफ लाइफ एनजीओ और इमामी लिमिटेड द्वारा फौजी मटकोटा और आसपास के विभिन्न गाँवों के बच्चों को



प्रतिदिन निःशुल्क खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। संस्था पिछले कई वर्षो से भारत में खेल संस्कृति, खेल जागरुकता और खेल साक्षरता को बढ़ाने के लिए कार्य कर रही है। संस्था द्वारा खेल साक्षरता मिशन, मॉडल स्पोर्ट्स विलेज, खेल साक्षरता प्रसार वाहन, नेशनल स्पोर्ट्स असेम्बली, पारम्परिक खेलों पर अनुसंधान, अध्ययन और प्रचार आदि विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# एनयूखान का गाजे बाजों के साथ हुआ स्वागत

किच्छा(उद संवाददाता)। सिरौलीवासियों ने उत्तराखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री तस्लीम रजा के निवास पर सिरौली के विकास के लिए संघर्ष कर रहे एन यू खान का ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनयू खान ने कहा कि हम माननीय हाईकोर्ट के बहुत बहुत आभारी हैं जिसके कारण कानून संविधान और सिरौली कला के 25 से 30,000 जनसंख्या कि मौलिक अधिकारों की रक्षा करते हुए नगर पालिका से सभी प्रकार के विकास कार्य कराए जाने के आदेश पारित किए वरना डेढ़ वर्ष पूर्व माननीय उच्च न्यायालय द्वारा नगरपालिका की स्थिति में दिए गए स्टे को भी नगर पालिका द्वारा पिछले डेढ़ वर्ष से नकार दिया गया और स्टे की स्थिति को लागू नहीं किया गया मामला जब दोबारा से माननीय न्यायालय के संज्ञान में आया जब माननीय न्यायालय



द्वारा नगर पालिका को सभी विकास कार्य सिरौली कला में कराए जाने के लिए आदेशित किया। विधायक तिलकराज बेहड़ द्वारा जावेद डेटर की दुकान से इंदिरा नगर पुलिया तक डामरीकरण लागत 19 लाख 76 हजार रुपए सुकृत कराने पर उनका आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में शाहिद अंसारी, नन्हे मंसूरी, शराफत अली, इरशाद शाह, साजिद कुरेशी, इमरान मंसूरी, सलमान अली, तस्दीक अंसारी, इस्लाम मंसूरी, जैद खान, समीर खान, इरशाद सलमानी, आफताब अली,फरीद अंसारी, जियाउल मंसूरी, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# हमलावरों की गिरफ्तारी न होने पर कोतवाली का घेराव

किच्छा(उद संवाददाता)। विगत दिनों ग्राम नजीमाबाद के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी पर हुए हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से गुस्साए ग्रामीणों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के साथ कोतवाली का घेराव किया। ग्रामीणों ने बताया कि 2 दिन पूर्व पुलिस द्वारा ग्राम नजीमाबाद क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाकर कच्ची शराब की खेप पकड़ी हमलावर आरोपियों को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पर शक था कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी ने ही शिकायत कर उनकी शराब पकड़वाई है, पुलिस कार्यवाही के अगले दिन किसी काम से घर लौटते वक्त रास्ते में अकेला देख आरोपियों ने सपरिवार मिलकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अजय साहनी पर हमला कर घायल कर दिया किसी तरह हमलावरों के चुंगल से बचकर अजय साहनी ने अपनी जान बचाई। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कोतवाल धीरेंद्र कुमार को सख्त लहजे में कहा कि अवैध



शराब का कारोबार करने वाले लोगों के इतने हौसले बुलंद हैं कि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि/ जनप्रतिनिधि पर हमला कर मारपीट की लेकिन उक्त घटना के 2 दिन बाद भी अभी तक किसी हमलावर की गिरफ्तारी नहीं हुई जो दुर्भाग्यपूर्ण है! कोतवाल धीरेंद्र कुमार को सख्त हिदायत देते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि हमलावरों की तत्काल गिरफ्तारी कर ग्राम नजीमाबाद क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को आश्वस्त किया कि जल्दी हमलावरों की गिरफ्तारी कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, पुलिस टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगी हुई है। कोतवाली का घेराव करने वालों में मंडल अध्यक्ष मनमोहन सक्सेना, सभासद संदीप अरोरा, मंडी चेयरमैन कमलेंद्र सेमवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष विवेक राय, ग्राम प्रधान नाजिमाबाद मीना साहनी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सरोज कुमार, पूर्व दर्जा मंत्री दिनेश थुवाल, परमजीत सिंह पम्मा, बिंटू, सतीश जोशी, डॉ चरणजीत सिंह, गुरदेव सिंह, अजय साहनी, गुरदेव सिंह, डॉक्टर चरणजीत, मोहन साहनी, शिवनाथ, दुलाल नाग, कश्मीर सिंह, परमजीत सिंह, सरोज चौहान, राजेंद्र चौहान, किशोर, गणेश समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# समारोह में नव नियुक्त पदाधिकारी लेंगे शपथ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।साहू समाज जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए बताया साहू समाज का सम्मेलन व नव नियुक्त पदाधिकारियों का शपथग्रहण समारोह घूंघट बैंकट हॉल बरेली रोड में आयोजित



किया जायेगा। पूर्व अध्यक्ष महेश साहू व युवा साहू समाज के अध्यक्ष हेमन्त साहू ने बताया साहू समाज के सम्मेलन को भव्य बनाने की तैयारियों को पूर्ण कर लिया गया है। इस दौरान प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जायेगा। उन्होंने बताया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या उपस्थित रहेगी। पत्रकार वार्ता में साहू समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, महेश साहू, हीरा लाल साहू, रामबाबू साहू आदि थे।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
05944-246817

# एएसआई बने कुबेर के कंधे पर एएसपी ने लगाये स्टार

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। केलाखेडा थाने में कार्यरत हेड मुहर्रिर का कार्यलेख देख रहे कुबेर रावत की पदोन्नति होने पर अपर पुलिस अधीक्षक काशीपुर अभय सिंह व क्षेत्राधिकारी बाजपुर भुपेन्द्र सिंह भण्डारी द्वारा संयुक्त रूप से थानाध्यक्ष व समस्त स्टाफ की मौजुदगी हेड मुहर्रिर कुबेर रावत के कंधे पर स्टार लगा कर उन्हें एएसआई के पद की पदोन्नति प्रदान की गई। इस मौके पर बधाई देने वालो में थानाध्यक्ष ललित मोहन रावल, उपनिरीक्षक गणेश पाण्डेय,मोहन सिंह बोरा,जितेन्द्र सिंह खत्री,नरेन्द्र सिंह अधिकारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महेन्द्र कालडा,अजय कालड़ा मौजूद थे।



# देवभूमि पत्रकार यूनियन का होली मिलन कार्यक्रम कल



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। देवभूमि पत्रकार यूनियन का होली मिलन समारोह कल 5 मार्च को गगन ज्योति बारात घर में आयोजित होगा। जानकारी देते हुए देवभूमि पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष अशोक गुलाटी ने बताया कि देवभूमि पत्रकार यूनियन की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार शाम 4 बजे श्याम टाकीज रोड स्थित गगन ज्योति बारात घर में आयोजित होगा। इस अवसर पर आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की जायेगी। श्री गुलाटी ने यूनियन के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# महिला आयोग अध्यक्ष ने किया सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण

## महिला स्वयं सहायता समूह के कार्यों का किया अवलोकन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कण्डवाल ने रूद्रपुर पहुंचकर सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण व महिला स्वयं सहायता समूह के कार्यो का अवलोकन किया। उन्होंने सम्प्रेषण गृह के निरीक्षण के दौरान बच्चों को परोसे जाने वाले भोजन को चखकर गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता ठीक थी, कक्ष एवं शौचालय आदि भी साफ-सुथरा था। अध्यक्ष ने सम्प्रेषण गृह में रह रहे बच्चों से मिल कर उनका हाल-चाल जाना। इस दौरान उन्होंने प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड डॉ0 आलोक राम त्रिपाठी से मुलाकात कर आवश्यक जानकारी ली। अध्यक्ष ने कहा कि अभिभावकों को भी अपने बच्चों की निगरानी करनी चाहिये। जिससे बच्चा गलत संगत में पड़ कर गलत कार्य न करें। उन्होंने कहा कि संप्रेषण गृह में बच्चों को नियमित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिये प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संप्रेषण गृह में स्टाफ आदि की यदि कही कोई कमियां है उसे भी में अपने स्तर से मुख्यमंत्री व सम्बन्धित विभाग से वार्ता कर कमियों को दूर करने का प्रयास करूगीं। उन्होंने कहा कि यहा पर और क्या अच्छा हो सकता है उसके लिये भी कार्य किया जायेगा। उन्होने कहा कि संप्रेक्षण गृह में जो बच्चे रह रहे है उनके लिये जो सुविधायें सकार द्वारा दी जा रही है वें बच्चों को मिल रहा है या नही उसको भी देखने आयी हु जो सब कुछ ठीक मिला। अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं के उत्पीड़न को रोकने के लिये आयोग द्वारा अनेकों प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि कही पर भी कोई महिला उत्पीड़न का मामला सामने आता है तो उसके लिये पुलिस विभाग को आयोग द्वारा निर्देश दिये गये है कि तत्काल मामला दर्ज कर महिला को सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग को निर्देश दिये गये है कि यदि पीड़ित महिला पुलिस के पास आती है तो उसकी हर बात सूनी जाये। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिये सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होने कहा कि महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिये स्वंय सहायता समूह से जोड़कर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिये जा रहे है। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं भी जागरूक हो गयी है जो अपने पैरों पर खड़ा हो कर अपना परिवार चला रही है। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के लिये जो योजना चला रही है उसकी सुविधा सही तरीके से महिलाओं को मिल रही है या नही इस पर भी ध्यान दिया जा रहा है। उन्होने कहा कि महिला तस्करी रोकने के लिये भी आयोग द्वारा अनेक कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिला नीति बनायी जा रही है जो देश का पहला राज्य होगा। उन्होंने बताया कि 1अप्रैल 2022 से वर्तमान तक महिलाओं और किशोरियों द्वारा उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग में विभिन्न प्रकार के 1309 मामले दर्ज किये गये जिसमें से 607 मामलों का निस्तारण किया जा चुका है, 702 मामलों पर कार्यवाही चल रही है। इस दौरान अधीक्षक संप्रेषण गृह राजेन्द्र पाण्डे, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य अमित श्रीवास्तव,रजनीष बत्रा,स्वेता मिश्रा, लक्ष्मी रस्तोगी, फरजाना बेगम, माही सकलानी आदि उपस्थित थे। अध्यक्ष ने काशीपुर रोड स्थित महिला स्वयं सहायता समूह के कार्यो का अवलोक किया। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा उत्पादित उत्पाद को भी देखा। इस दौरान अध्यक्ष नारी शक्ति कलस्टर चन्द्रमणी दास व समूह की महिलाएं आदि उपस्थित थें।







# पदक विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता) ।जिला जुजित्सू एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के तत्वावधान में स्थानीय श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला जुजित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, समाजसेवी शंकर बसेरा, विकास कुकरेजा सहित अनेकों पदाधिकारियों एवं जनपद के सभी खिलाड़ियों, अभिभावकों ने गर्मजोशी के साथ जयप्रकाश और कमल सिंह को शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण एवं मिठाई खिलाकर गर्मजोशी से स्वागत किया एवं विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में रुद्रपुर शहर में मार्केट में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जिसमें मार्केट के सभी व्यापारियों एवं लोगों द्वारा दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए माल्यार्पण से स्वागत किया गया। अध्यक्ष भारत भूषण ने बताया कि यह हमारे शहर के लिए गर्व की बात है, क्षेत्र के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत देश का प्रतिनिधित्व कर भारत देश का तिरंगा विश्व स्तर पर लहरा रहे हैं। जय और कमल के सामने आई आर्थिक तंगी के बावजूद भी सभी के प्रयासों से दोनों खिलाड़ियों ने बैंकॉक, थाईलैंड में अयोजित हुई सातवीं एशियन जु-जित्सू



चैंपियनशिप में पदक जीतकर दिखाया कि आपके जज्बे के सामने कोई भी कठिनाई बड़ी नहीं है। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि ओलिंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) द्वारा अधिकृत जु-जित्सू इंटरनेशनल फेडरेशन (जेजेआईएफ) व जु-जित्सू एशियन यूनियन (जेजेएयू) के नेतृत्व में दिनांक 24 से 28 फरवरी 2023 तक बैंकॉक थाईलैंड में आयोजित हुई। जिसमें एशिया के 30 देशों के 500 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया, व इस प्रतियोगिता में भारत देश की ओर से 34 खिलाड़ियों ने भारत देश का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें जय प्रकाश ने -56 किग्रा भारवर्ग में कांस्य पदक एवं कमल जंग ने -62 किग्रा की फाइटिंग इवेंट में एशिया स्तर पर नवमीं रैंक प्राप्त कर भारत देश का तिरंगा लहराया। भारती ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में सभी पदक विजेता एवं उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले खिलाड़ियों को ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) के नेतृत्व में चीन के होंगझाऊ शहर में अयोजित होने वाले एशियन गेम्स के लिए भारतीय जुजित्सू टीम में शामिल भी किया जाएगा। जिससे खिलाड़ियों को मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया द्वारा खिलाड़ियों को दी जाने वाली खेल सुविधाओं का भी लाभ मिल सकेगा। इस अवसर पर महासचिव ऋषि पाल ने दोनो खिलाड़ियों के आर्थिक सहयोग के लिए आगे आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला जुजित्सू संघ के कोषाध्यक्ष किशोर सिंह, विजेंद्र चौधरी, जॉनी हिराम, शोभा तिग्गा, शंकर सिंह बसेरा, विकास कुकरेजा, हिमा भट्ट ,गंगा मेहरा, देवेंद्र रावत, विनोद लखेरा,जितेंद्र चंदोला, सूर्य प्रकाश जलाल, शालिनी शर्मा, मिंटू सैनी, विकास कुकरेजा, वसीम खान, जॉनी हिराम, शोभा, अमरजीत सिंह, प्रेम चंद्र, गंगा मेहरा एवं खिलाड़ी, अभिभावक गण मौजूद रहे।

समस्त क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं
ओम अस्पताल
एवं
मैटरनिटी होम
एमरजेन्सी सेवा 24 घण्टे
नैनीताल रोड, रुद्रपुर, (ऊ.सिं.नगर) फोन नं. 05944-244660

# बाजपुर कोतवाली का किया निरीक्षण

बाजपुर( उद संवाददाता)। बाजपुर कोतवाली का सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी ने वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सीओ भंडारी ने कोतवाली में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया



साथ ही मालखाने में भी व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने असलहों के रखरखाव को भी दुरूस्त करने को कहा। सीओ ने कहा कि कोतवाली में किसी भी तरह की अव्यवस्थाएं बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# जिले में 44 केन्द्रों पर होगी कनिष्ठ सहायक परीक्षा

## प्रश्न पुस्तिकाओं के गोपनीय सील्ड पैकेट खोले जाने तथा उत्तर पुस्तिकाओं के गोपनीय पैकेट सील कराये जाने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करें: डीएम

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा 5 मार्च, 2023 को आयोजित होने वाली कनिष्ठ सहायक परीक्षा 2022 की लिखित परीक्षा को नकलविहीन एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कलेक्ट्रेट में परीक्षा के सफल संचालन हेतु सेक्टर मजिस्ट्रेटों तथा प्रधानाचार्यो एवं पर्यवेक्षकों की बैठक लेते हुए दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा पारदर्शिता व निष्पक्षता से सम्पन्न होने पर योग्यतम व्यक्ति चयनित होंगे, जिससे शासकीय कार्यों का निर्वहन समयबद्धता, पारदर्शिता तथा सरलता से होगा। जिससे जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को आसानी व शीघ्रता से प्राप्त होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में आयोजित होने वाली कनिष्ठ सहायक परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी पर तैनात सैक्टर मजिस्ट्रेट, अधिकारी व कर्मचारी अपनी-अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा से करना सुनिश्चित करें। उन्होने स्पष्ठ निर्देश देते हुये कहा कि परीक्षा पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक समापन हो, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी कहा कि परीक्षा दिवस पर परीक्षा केन्द्रों के आस-पास धारा-144 लागू की जायेगी।जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा की ड्यूटी बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है, जिसका निर्वहन बड़ी जिम्मेदारी से करना है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा निर्धारित समय के अनुरूप ही अभ्यर्थियों का परीक्षा केंद्र में प्रवेश होना चाहिए। निर्धारित समय के बाद कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं करेगा। उन्होंने निर्देशित करते हए कहा कि परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु लगे कर्मिकों की सूची पुलिस विभाग को अवश्य उपलब्ध कराई जाये।जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र में पेपर वीडियोग्राफी के तहत खोले जाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा का आयोजन जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ही करवाया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि किसी भी कर्मचारी के पास मोबाइल न हो। परीक्षा केंद्रों के आसपास कोई फोटो स्टेट की दुकान खुली न रहें। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर ड्यूटी देने वाले अधिकारी व कर्मचारी अपने साथ आईडी कार्ड जरूर लायें। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध हों।जिलाधिकारी



ने कहा कि अभ्यर्थियों को मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट परीक्षा केन्द्र पर लाने की अनुमति नहीं है। परीक्षा केन्द्र के बाहर इस सम्बन्ध में बड़े अक्षरों में नोटिस लगाकर यह स्पष्ट कर दिया जाये कि आयोग के निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने पर सम्बन्धित परीक्षार्थियों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि कक्ष निरीक्षक व परीक्षा से सम्बद्ध स्टाफ मोबाइल फोन को परीक्षा कक्ष में न ले जाने पायें तथा मोबाइल फोन को परीक्षा कक्ष से दूर निर्धारित स्थान पर जमा कर दिया जाय। उन्होंने निर्देश दिये कि परीक्षा कार्य में संलग्न कर्मचारियों तथा अधिकारियों के अतिरिक्त किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र परिसर में प्रवेश न करने दिया जाय। परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पर्याप्त पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रधानाचार्य एवं केन्द्र पर्यवेक्षक आयोग द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में प्रश्नपुस्तिकाओं के गोपनीय सील्ड पैकेट खोले जाने, किसी महत्वपूर्ण गतिविधि तथा उत्तर- पुस्तिकाओं के गोपनीय पैकेट सील कराये जाने की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराना सुनिश्चित करें। परीक्षा केन्द्रो पर जगह-जगह साईन बोर्ड लगाये जायें कि कौन सा कक्ष किस दिशा में स्थित है। प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट/उप जिलाधिकारी प्रत्युष सिंह ने बताया कि जनपद में कनिष्ठ सहायक परीक्षा हेतु 17157 अभ्यर्थी शामिल होंगे। जिसके लिए 44 परीक्षा केन्द्र बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षा को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु 15 सैक्टरों में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि सभी सैक्टरों के लिए सैक्टर मजिस्ट्रेट नामित कर दिये गये हैं और 05 सैक्टर मजिस्ट्रेट रिजर्व में रखे गये हैं। उन्होने बताया कि परीक्षा प्रात: 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक आयोजित की जायेगी। उन्होने बताया कि रूद्रपुर में 18, किच्छा में 11, सितारगंज में 05 एवं खटीमा में 10 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है।डिप्टी एसपी आरडी मठपाल ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टिगत चार जोन में बाटा गया है। उन्होने बताया कि सभी सैक्टर मजिस्ट्रेट के साथ एक-एक एसआई लेबल के पुलिस अधिकारी, दो-दो पुलिस कांस्टेबल रहेगें। उन्होने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर एक-एक एसआई लेबल के पुलिस अधिकारी, दो-दो पुरूष व दो-दो महिला पुलिस कांस्टेबल तैनात किये गये है। उन्होने बताया कि कोषागार डबल लॉक पर एक डिप्टी एसपी तैनात रहेगें। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी आरसी आर्य, उप निदेशक खनन दिनेश कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी पीके गौतम सहित आयोग के प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।





# राजभवन में बसंतोत्सव का आगाज

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को राजभवन के प्रागंण में वसन्तोत्सव- 2023 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी, प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री किसान हेल्प लाइन नम्बर 18003135685 लांच किया गया। कार्यक्रम में उद्यान विभाग की पुस्तक 'शुष्क पुष्प व्यावसायिक' हस्त पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने अपना फैमली फॉर्मर सदस्यता का लोकार्पण का भ्रमण किया। उन्होंने पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले बच्चों से मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इस वर्ष तीन दिवसीय वसंतोत्सव को लेकर लोगों में अलग उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष प्रतियोगिता में 200 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों/स्वयं सराहना की और कहा कि प्रदेश के लिए उन्होंने जो योजनाएं बनायी हैं और उसमें प्रत्येक की भागीदारी सुनिश्चित की है जिससे इस क्षेत्र में एक नई क्रांति आना तय है। उन्होंने इस पुष्प प्रदर्शनी में अधिक से अधिक लोगों से प्रतिभाग की अपील की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वसंतोत्सव की सभी को बधाई दी और 698 प्रतिभागी, कट फ्लावर (गैर पारम्परिक) श्रेणी में 191 प्रतिभागी, पॉटेड प्लान्ट श्रेणी(प्राइवेट नर्सरी) में 22, लूज फ्लावर श्रेणी में 42, पॉटेड प्लान्ट(गैर पुष्प) श्रेणी में 17, कैक्टस एवं सेकुलेंट श्रेणी में 13, हैंगिंग पॉट श्रेणी में 27, ऑन स्पॉट फोटोग्राफी में 22, लॉन श्रेणी में 17, फ्रेश पेटल रंगोली में 08 और उपरान्त दिनांक 05 मार्च, 2023 को प्रदान किये जायेंगे। राजभवन परिसर में राजकीय व निजी संस्थानों/व्यक्तियों द्वारा कुल 413 स्टॉल लगाये गये जिसमें विभिन्न राजकीय संस्थानों द्वारा 18 स्टॉल पर अपनी गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया एवं 395 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों/स्वयं सहायता समूहों द्वारा अपने





धामी भी मौजूद रहे। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने पुष्पों की लड़ी काटकर एवं शांति के प्रतीक रंगीन गुब्बारों को हवा में छोड़कर वसंतोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। राज्यपाल ने राजभवन परिसर स्थित नक्षत्र वाटिका पर बनी लघु फिल्म का विमोचन किया। इस अवसर पर डाक विभाग द्वारा इस वर्ष के लिये चयनित तिमरू के विशेष डाक आवरण का विमोचन किया गया साथ ही डाक टिकट प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर उद्यान विभाग द्वारा भी किया।प्रथम दिवस के कार्यक्रमों में आईएमए के बैंड ने अपनी मधुर धुनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। वहीं गोरखा राइफल्स के जवानों द्वारा किए गए खुखरी नृत्य का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया। देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के छात्रों ने योगा के बेहतरीन करतब दिखाये। इस दौरान आईटीबीपी के जवानों ने कराटे का अद्भुत प्रदर्शन कर दर्शकों को रोमांचित किया। राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री ने वसंतोत्सव की प्रदर्शनी में लगाये गये विभिन्न स्टॉलों सहायता समूहों द्वारा प्रतिभाग किया जिनकी संख्या इस वर्ष बढ़कर 535 हो गयी है। उन्होंने कहा कि इस महोत्सव के जरिए उत्तराखण्ड कृषि एवं उद्यानीकरण के उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि यहां के पुष्पों में अलग ही सौंदर्य और दिव्यता है जो उत्तराखण्ड को आने वाले समय में पुष्प प्रदेश बनाने की ओर ले जायेगा। उन्होंने कहा कि पुष्पों से आने वाला समय खुशहाली और समृद्धि का होने वाला है। राज्यपाल ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री की कहा कि वसंतोत्सव लोगों को प्रकृति से जुड़ने का भी संदेश देता है और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिये प्रोत्साहित करता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के उत्सव से कृषि, उद्यान सहित विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को अपने उत्पाद दिखाने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि वसन्तोत्सव के माध्यम से किसानों को भी प्रोत्साहन के साथ-साथ स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा।वसंतोत्सव के आयोजन में कट फ्लावर (पारम्परिक) प्रतियोगिता में पेंटिंग प्रतियोगिता में 946 प्रतिभागियों द्वारा हिस्सा लिया गया है। इस वर्ष प्रारंभ की गई नवीन प्रतियोगिताओं यथा छतों पर सब्जी उत्पादन की श्रेणी में 12, बोनसाई की श्रेणी में 23, टेरेरियम की क्षेणी में 7 एवं शहद की श्रेणी में 33 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। प्रथम दिन आयोजन में कुल 16 श्रेणियों की 62 उपश्रेणियों में कुल 2076 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार निर्णायक मण्डल के निर्णय के स्टॉल भी लगाए गए। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण डा. बीवीआरसी पुरूषोत्तम, संयुक्त सचिव कृषि एवं कृषक कल्याण सुश्री महिमा, निदेशक उद्यान डा0 एच0एस0 बवेजा, निदेशक सगंध पादप केन्द्र डॉ. निपेन्द्र चौहान, निदेशक रेशम ए.के.चौहान, अपर निदेशक डॉ.जे.सी.केम, संयुक्त निदेशक डॉ. रतन कुमार, डॉ.सुरेश राम, डॉ.बृजेश गुप्ता सहित उद्यान विभाग के अधिकारी व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## सिक्स सिग्मा में हुआ गेस्ट लेक्चर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।क्षेत्र के प्रतिष्ठित पॉलिटैक्निक इंजीनियरिंग संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा गेस्ट लेक्चर का आयोजन प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट व ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन की देखरेख में हुआ। इस दौरान मयंक अग्रवाल (जॉइंट डायरेक्टर-अप्रेंटिक्षिप ट्रेनिंग) द्वारा सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र/छात्राओं को स्कोप ऑफ इंजीनियरिंग , वैल्यू इंजीनियरिंग व ट्रेनिंग इत्यादि



टॉपिक पर अहम जानकारी दी।इस इवेंट में पॉलीटेक्निक/ फार्मेसी के सभी वर्षों के 200 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जो इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग, मकैनिकल इंजीनियरिंग प्रोडक्टशन, सिविल इंजीनियरिंग व फार्मेसी से थे, प्रतिभागियों में गेस्ट स्पीकर को सुनने के उपरान्त खुशी व सकारात्मक भावना थी । छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर को अपना धन्यवाद प्रकट किया । संस्थान के चेयरमैन श्री राजेश डाबर, को- चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, ,मैनज्मेंट टीम मेम्बर वंश डाबर,कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह ने छात्रों को निरंतर प्रयासरत रहने की प्रेरणा प्रदान की । कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट सेमिनार के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा ।

## भैरव के होली गीतों से बंधा समा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।जय भीम फाउंडेशन संस्था द्वारा होली मिलन कार्यक्रम कुमाऊं केसरी स्वर्गीय खुशीराम के पार्क तिकोनिया में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश भट्ट ने कुमाऊं केसरी खुशी राम की मूर्ति पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया। होली गायन मंडली में भैरव ने होली के गानों से समा बांध दिया और सभी लोग होली के गानों में थिरकने



लगे।जय भीम फाउंडेशन के संजीव कुंवर ने होली की बधाइयां भगवा गुलाल रंग लगाकर सभी को गले मिलकर शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मेयर जोगिंदर पाल सिंह रौतेला, आनंद सिंह धर्मपाल, दिनेश आर्य, प्रदीप बिष्ट, रेनू अधिकारी,भाजपा नेता रविंद्र बाली, ईश्वरी राम, डेबिट भुवन चंद आर्य, अजय राज, आनंद आर्य, मदन मोहन जोशी, गणेश आर्य, अनुराग अग्रवाल, हितेश चंद्र पांडे, बुद्धसेन, अलका जीना, राशि जैन, कमलेश त्रिपाठी, सूरज आदि मौजूद थे।

## धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि होली का त्यौहार रंगों का त्योहार है। त्यौहार में आपसी वैमनस्य और मनमुटाव से दूर हट कर हम गले मिलते हैं और एक दूसरे को खुशियां बांटने का काम करते हैं । श्रीमती शर्मा भदईपुरा दूधिया नगर स्थित पर्वतीय कॉलोनी में होली मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमुदाय



को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व श्रीमती शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा की और सभी को गुलाल लगाया स बाद में श्रीमती शर्मा ने दर्जनों महिलाओं के साथ होली खेली और सभी को रंगो के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा सहित महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली, सावित्री यादव, कमलेश, प्रियंका, सरोज, ममता जोशी, दीपा कांडपाल, बबीता, मुन्नी, दुर्गेश, संतोष रानी सहित बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित थी।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने मनाया होली उत्सव

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन महानगर इकाई हल्द्वानी द्वारा होली उत्सव कार्यक्रम बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें फूलों की होली एवं राधा कृष्ण की भव्य झांकियां एवं नृत्य की प्रस्तुति की गई। वही होली उत्सव में सभी पत्रकारों के द्वारा नगर निगम महापौर डॉक्टर जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला , विधायक सुमित हृदेश, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष रेनू अधिकारी, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, प्रकाश रावत, हरीमोहन






अरोड़ा, निवर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष सुमित्रा प्रसाद, भारतीय मानवाधिकार महिला प्रकोष्ठ से डॉक्टर भावना गुप्ता एवं समस्त महिला संगठनों की महिलाओं को सतरंगी रंगों के त्यौहार होली पर्व पर गुलाल का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन नगर इकाई के सभी साथियों एवं राधा कृष्ण ने इस मौके पर होली के रंगों गीतों पर झूमते हुए नृत्य किया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन नगर इकाई द्वारा आभार व्यक्त किया गया। होली के उपरांत उत्तराखंड पत्रकार यूनियन नगर इकाई के द्वारा सभी देशवासियों एवं प्रदेश वासियों को सतरंगी रंगों के त्यौहार होली की शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई प्रेषित की गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष डॉ विपिन चंद्रा, बीसी भट्ट , गणेश पाठक, अनुज सक्सेना, भूपेंद्र गुप्ता, अंकुर शर्मा, पंकज सक्सेना, संजय प्रसाद, मुकेश सक्सेना, सर्वेश तिवारी, समीर, मुकेश सक्सेना, कमल सुयाल, लक्ष्मण मेहरा, अतुल अग्रवाल, समी आलम, हिमांशु वार्ष्णेय, कमल राजपाल, पंकज अग्रवाल, हसीन अहमद, सौरभ बजाज, शैलेंद्र भंडारी, राकेश जोशी, राजकुमार आनंद, हनी उपाध्याय, सूरज सिंह नेगी, पवन नेगी, गौरव तिवारी, कमलेश पटेल, कमल चौहान, ओवैस सिद्दीकी, दीपक भंडारी , कुलदीप रौतेला ,हरीश पांडे , तारिक अहमद अन्य पत्रकार साथी मौजूद रहे।

## उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पूर्वोत्तर के चुनावी नतीजे

यह शायद पहली बार है कि पूर्वोत्तर राज्यों के विधानसभा चुनावों को लेकर पूरे देश में दिलचस्पी देखी जा रही है।हालांकि इन राज्यों में छोटी विधानसभाएं हैं और वहां चुनाव में आमतौर पर लोग पार्टियों को नहीं, उम्मीदवारों के चेहरे पर मतदान करते रहे हैं। मगर इस बार पार्टियों के आधार पर वहां जीत–हार का आकलन किया जा रहा है और वहां के तीन राज्यों– त्रिपुरा, नगालैंड और मेघालय– के चुनाव नतीजों के आधार पर इस साल होने वाले आगामी विधानसभा चुनावों और फिर अगले साल होने वाले आम चुनाव की तस्वीर खींचने का प्रयास किया जा रहा है।त्रिपुरा और नगालैंड में भाजपा और उसके सहयोगी दलों को स्पष्ट बहुमत मिला है, जबकि मेघालय में त्रिशंकु विधानसभा की स्थिति है। हालांकि त्रिपुरा में भाजपा ने प्रस्ताव रखा है कि अगर टिपरा मोथा उसका समर्थन करती है, तो सरकार बनने के बाद वह उसकी सारी मांगें मान ली जाएंगी। मगर यह अभी चुनाव नतीजों के बाद की स्थितियों पर निर्भर करेगा। पूर्वोत्तर राज्यों की राजनीति दूसरे राज्यों की अपेक्षा थोड़ी भिन्न होती है। वहां कई स्थानीय मुद्दे जटिल हैं, जिनके आधार पर दलों का आपसी गठजोड़ तय होता है। हालांकि हर चुनाव सीटों का खेल होता है। जिसके पास सरकार बनाने लायक उम्मीदवार जीत जाते हैं, सरकार उसी की बनती है। मगर पार्टियों की स्थिति का आकलन तो उन्हें मिले मतों के आधार पर होता ही है। इस दृष्टि से बेशक भाजपा गठबंधन को त्रिपुरा और नगालैंड में विजय मिली है, मगर आंकड़ों के मुताबिक उसे पहले की तुलना में कम सीटें मिली हैं और मत फीसद भी गिरा है। पर इस दृष्टि से कांग्रेस की स्थिति भी बेहतर नहीं कही जा सकती, बेशक उसके मत फीसद में कुछ बढ़ोतरी दर्ज हुई है। कयास लगाए जा रहे थे कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का वहां के चुनावों पर असर पड़ेगा और कांग्रेस को उसका लाभ मिलेगा। मगर ऐसा नहीं हुआ। वहां वाम दलों की पकड़ मजबूत हुआ करती थी और करीब पच्चीस साल तक सत्ता में रहे, मगर वे भी अपनी जमीन वापस लेने में कामयाब नहीं हो पाए, तो इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं।दरअसल, पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों की बहुत पुरानी शिकायत रही है कि उनकी तरफ केंद्र की सरकारें ध्यान नहीं देतीं। उनके राज्यों में विकास परियोजनाओं की रूपरेखा नहीं बनाई जाती। उनके सीमा और पहचान संबंधी विवादों के निपटारे की गंभीरता से कोशिश नहीं की जाती। इस लिहाज से भाजपा ने पूर्वोत्तर पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर जोर दिया गया।राज्यों के बीच सीमा संबंधी विवादों को सुलझाने का प्रयास किया गया। इसके नतीजे प्रकट रूप में दिखने भी लगे हैं। इसका असर स्वाभाविक रूप से वहां के लोगों के मन पर पड़ा है। जबकि इन राज्यों के लोगों की वैचारिक पृष्ठभूमि भाजपा के सिद्धांतों से सीधे–सीधे मेल नहीं खाती, मगर विकास का मुद्दा उन्हें उससे जोड़ता है। इससे एक बार फिर यह स्पष्ट हुआ है कि आम लोग वैचारिक और सैद्धांतिक मुद्दों के बजाय विकास के मुद्दों को अधिक तरजीह देते हैं। अगर केवल सिद्धांत प्रभावित करते, तो त्रिपुरा में भाजपा की वापसी संभव न हो पाती। मगर उसके सामने यह चुनौती तो है ही कि पूर्वोत्तर में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए उसे स्थानीय समस्याओं पर अधिक ध्यान केंद्रित करना होगा।

# महिला कांग्रेस ने सड़क पर चूल्हा जलाकर पकाई रोटियां

देहरादून । प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने सड़क पर चूल्हा जलाकर रोटियां सेंक रसोई गैस सिलिंडर के दामों में की गई बढ़ोतरी का विरोध किया। प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के नेतत्व में एस्लेहाल चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। ज्योति रौतेला ने कहा कि एक तरफ देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सार्वजनिक सभाओं में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की बात करते हैं, गरीब तबके के हितों की बात करते हैं। दूसरी तरफ महंगाई की मार सब पर पड़ रही है। वर्ष 2014 में रसोई गैस की कीमत 410 रुपये थी, आज एक गैस सिलिंडर 1122 कर दिया गया है। कमर्शियल सिलिंडर पर एकमुश्त 350 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। होली से ठीक पूर्व रसोई गैस के दाम बढ़ाकर केंद्र सरकार ने गरीब व मध्यम वर्ग को होली को खराब कर दिया है। भाजपा सरकार महिला विरोधी, युवा विरोधी, महंगाई को बढ़ाने वाली है। प्रदर्शनकारियों में आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा, उर्मिला थापा, चंद्रकला नेगी, अनुराधा तिवाड़ी, सविता सोनकर, रेखा ढिंगरा, कविता याहूर, रामप्यारी, शांति रावत, शशिबाला



कनौजिया, गायत्री, गुड्डी देवी, संगीता, जस्सी, निर्मला आदि मौजूद रहे। वहीं घरेलू और कामर्शियल गैस सिलिंडर के मूल्य में बढ़ोतरी का विरोध करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल ने केंद्र और राज्य सरकार का पुतला फूंका। दल ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार आमजन का उत्पीड़न कर रही है। दल के कार्यकर्त्ता बड़ी संख्या में द्रोण चौक पर एकत्र हुए और सरकार के विरुद्ध नारेबाजी की। इसके बाद सरकार का पुतला फूंका गया। दल के महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुलोचना ईष्टवाल ने कहा कि एक तरफ डबल इंजन की सरकार गरीबी हटाने का नारा दे रही है और दूसरी तरफ खाद्यान्न, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस की कीमत बढ़ाकर आमजन को महंगाई के बोझ तले दबा रही है। इस मौके पर रमा चौहान, राजेश्वरी रावत, भागेश्वरी भट्ट, रेखा शर्मा, किरण रावत, अंजू रावत, सरोज रावत, मीना थपलियाल, अंजू नेगी, सोमेश बुडाकोटि आदि मौजूद रहे।

# सभी सरकारी भूमि और भवनों की जानकारी पोर्टल में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें

देदहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु ने सचिवालय में प्रदेश में लैंड बैंक के सम्बन्ध में शासन के उच्चाधिकारियों और सभी जनपदों के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की। मुख्य सचिव ने कहा कि लैंड बैंक बन जाने से प्रदेश का बेहतर तरीके से विकास किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश के सुनियोजित विकास के लिए प्रदेश में उपलब्ध सभी सरकारी भूमि और भवनों की जानकारी इसके लिए बनाए गए पोर्टल में अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि विभागों की समीक्षाओं के दौरान यह प्रकाश में आया है कि विभिन्न विभाग अच्छे प्रस्ताव भी ला रहे हैं परन्तु विभाग सिर्फ अपने कब्जे की भूमि से बाहर अपनी योजनाओं को शुरू करने पर विचार नहीं करता। जबकि उसकी योजना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थान किसी अन्य विभाग के



कब्जे में है। उन्होंने कहा कि किसी भी योजना की सफलता उसकी लोकेशन, कनेक्टिविटी और अवसंरचनात्मक सुविधाओं पर निर्भर करती है। विभिन्न विभागों के अंतर्गत भवन भी खाली पड़े हैं, जो जानकारी के अभाव में अन्य विभागों द्वारा भी प्रयोग नहीं किए जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि एक पोर्टल में सभी भूमियों की जानकारी उपलब्ध रहने से किसी भी योजना को सफलतम तरीके से शुरू किया जा सकेगा। इसके लिए सभी विभाग अपने कब्जे के भूमि अथवा भवनों की जानकारी गूगल मैप नक्शे और लैटिट्यूड–लॉन्गिट्यूड के साथ इसके लिए बनाए गए पोर्टल पर अपलोड करें। मुख्य सचिव ने सभी जिलाधिकारियों को जनपद स्तर पर सेंट्रलाइज्ड ग्रीन बिल्डिंग बनाए जाने की दिशा में भी कार्य किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के एक जगह उपलब्ध होने से कार्य क्षमता बढ़ेगी। इस अवसर पर प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिव श्री शैलेश बगोली, डॉ. बी.वी. आर. सी. पुरुषोत्तम, श्री अरविंद सिंह ह्यांकी, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय एवं आयुक्त गढ़वाल एवं कुमायूं सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के जिलाधिकारी उपस्थित थे।

# सिलेंडर मूल्य वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल युवा इकाई के जिला अध्यक्ष सौरभ भट्ट के नेतृत्व में व्यवसायियों द्वारा होली उत्सव से पूर्व गैस सिलेंडर दामों में की गई बेतहाशा वृद्धि का विरोध करते हुए बुद्ध पार्क में प्रदर्शन किया गया। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के निर्वतमान प्रांतीय अध्यक्ष नवीन वर्मा ने दिन प्रतिदिन बढ़ती महंगाई को सीधे–सीधे जनता के साथ धोखा बताते हुए कहा कि पहले ही कारोबारी ऑनलाइन खरीदारी, जीएसटी आदि के गणित से परेशान है वहीं, अब इस तरह से गैस सिलेंडरों के दाम में बेतहाशा वृद्धि कर सरकार छोटे कारोबारियों की कमर ही तोड़ना चाहती है। जिला युवा अध्यक्ष सौरभ भट्ट ने कहा कि वर्तमान दरों के हिसाब से परिवारों को एक सिलेंडर खरीदने के लिए अब जहाँ 1123 रुपए कीमत चुकानी होगी वहीं व्यवसायियों को 2172 रुपए देकर गैस सिलेंडर का प्रयोग करना होगा। ऐसे में जहाँ निश्चित ही परिवारों की रसोई का गणित बिगड़ना तय है। छोटे कारोबारियों के लिए भी इतने महंगे सिलेंडर खरीद कर कारोबार करना मुश्किल होगा। जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे ने बताया कि व्यापार मंडल इस तरह से आए दिन मूल्यवृद्धि को चुपचाप सहन करने वाला नहीं है। इसके विरोध में व्यापारियों द्वारा व्यापक जन आंदोलन चलाया जाएगा। महिला इकाई की जिला अध्यक्षा कुसुम दिगारी ने विरोध प्रदर्शन करते हुए कहा कि व्यापार मंडल की महिला इकाई सीधे रसोई से जुड़े इन विषयों पर बिल्कुल भी चुप बैठने वाली नहीं हैं। अभी होली का त्यौहार है। होली के बाद गैस सिलेंडरों की बेतहाशा बढ़ती दरों के खिलाफ घर– घर जाकर महिलाओं को संगठित करने का कार्य किया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के निर्वतमान प्रदेश अध्यक्ष नवीन वर्मा, युवा इकाई जिला अध्यक्ष सौरभ भट्ट, महिला इकाई जिलाध्यक्षा कुसुम दिगारी, प्रदेश मंत्री रूपेंद्र नागर, जिला महामंत्री हर्षवर्धन पांडे, जिला महामंत्री युवा मधुकर बनोला, जिला महामंत्री महिला उर्वशी बोरा, जिला सचिव पवन जोशी, महिला उपाध्यक्षा विनीता शर्मा, महिला उपाध्यक्षा सुरभि मल्होत्रा, कार्यालय प्रभारी गीता बिष्ट, सदस्य बबीता जोशी, जिला युवा उपाध्यक्ष रमनदीप सिंह भसीन, युवा महानगर अध्यक्ष पवन वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष कुसुमखेड़ा मनीष अग्रवाल, युवा व्यवसायी नितिन पनेरु, चंदन वर्मा, साहिल चौहान, रवि आर्य, फिरोज खान आदि उपस्थित रहे।

# कपकोट में चाय बागान बनाने की मांग

बागेश्वर( उद संवाददाता)।कौसानी, गरुड़, मैगड़ीस्टेट की तर्ज पर कपकोट में भी चाय बागान स्थापित करने की मांग मुखर होने लगी है।कपकोट के पहाड़ी क्षेत्र चाय बागान के लिए उपर्युक्त बताते हुए कपकोट के ब्लॉक प्रमुख ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर यहां बागान स्थापित करने की मांग की। साथ ही क्षेत्र का भ्रमण कर किसानों के साथ चर्चा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि यहां चाय उत्पादन की अपार संभावनाएं हैं।डीएम को सौंपे ज्ञापन में दानू ने कहा कि क्षेत्र में बजट आवंटन करने से पहले संवाद कार्यक्रम करने का सुझाव दिया। गांव में बंजर भूमि और वन पंचायतों में चाय के बागान लागाए जाएं। इससे जहां रोजगार बढ़ेगा वहीं वनाग्नि की घटनाएं भी कम होंगी। बहारी इन्वेस्टर्स चाय की खेती के लिए तैयार हैं। स्थानीय ग्रामीणों का 60 व इनवेस्टर का 40 प्रतिशत का अनुबंध बन जाएगा। कपकोट के वन विभाग की तीनों रैन्ज ग्लेशियर , कपकोट , धरमघर हेतु ड्रोन कैमरे की की मांग की। उन्होंने कहा कि जंगलों में आग प्राकृतिक तौर पर कम तथा मानवीय तौर पर ज्यादा लगती है। इसके अलावा अधिकतर पर्यटक चमोली से आकर विश्व प्रसिद्ध पिंडारी ग्लेशियर, सुंदरढूंगा, हीरामणी, ग्लेशियर होते हुए मुन्स्यारी निकल जाते हैं, लेकिन जिला प्रशासन को कोई सूचना नहीं रहती है। जब कोई अप्रिय घटना घटती है तभी सूचना मिल पाती है। वन्य तस्करों की रोकथाम, आदमखघेर हिंसक जानवरो से सुरक्षा, इसकी रोकथाम के लिए ड्रोन कैमरे कारगर होंगे।

# पत्रकारों के साथ होली मिलन समारोह में जमकर थिरके लोग

बागेश्वर( उद संवाददाता)। एनयूजेआई व जिले के प्रतिष्ठित न्यूज चैनल सीसीएन द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जनता समेत जिपं अध्यक्ष, विधायक व अधिकारी जमकर थिरके। इस दौरान लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।यहां चंडिका बैंकट हाल में आयोजित होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान होली का शुभारंभ महिलाओं की ओर से किया गया जिसकी शुरूआत महिलाओं ने कैले बांधी चीर, हो रघुनंदन राजा के साथ किया। इसके बाद महिलाओं ने सैंया साड़ी हमारी रंगाई क्यों न दी, होली हरी धर मुकुट खेले होली आदि होलियां गाई। इसके बाद पुरूषों ने होली गायन किया। पुरूषों ने सिदधी को दाता, शिव के मनमाही बसे काशी आदि होली गाई। होली गायन में महिलाओं की टोली में चंद्रा उपाध्याय, रेखा गोस्वामी, सभासद नीमा दफौटी, जयंती कांडपाल, उमा गुरूरानी समेत पुरूष होली टीम में पितांबर जोशी, अनुराधा पाल, पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी,पूर्व बिधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा शिव सिंह घनश्याम जोशी, मंगल राणा समेत एनयूजेआई जिलाध्यक्ष गोविंद मेहता,सीसीएन के सीईओ और संगठन के संरक्षक महेश जोशी,परसीलाल वर्मा, महामंत्री सुरेश पांडे ने किया। पत्रकारों के होली मिलन समारोह में पुरूषों की होली गायन में कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया ने भी शिरकत की उन्होंने महिलाओं के साथ होली गायन किया, वही होल्यारों ने पहली बार जिले की जिलाधिकारी को जनता के इतने करीबदेखकर महिलाओं और होल्यारों





दामोदर जोशी, सुरेश उपाध्याय, प्रकाश जोशी, बलवंत कालाकोटी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष बसंती देव, कपकोट के विधायक सुरेश गड़िया,जिलाधिकारी बिष्ट,भाजपाजिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, विधायक व कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि मनोज ओली,कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला,रंजीत दास, भाजपा जिला महामंत्री सजंय परिहार व पूरन दोसाद,अनिल पांडे ,जगदीश उपाध्याय,योगेश नगरकोटी,सुष्मिता थापा, दिनेश नेगी,महिपाल भरड़ा, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एनयूजेआई कई होलियों में होल्यारों के साथ होली गायन किया। होली का जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने भी जमकर आनंद लिया महिला होल्यारों की विशेष पहल पर जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने ने डीएम की तारीफों के कसीदे कसे, वही सभी ने जिलाधिकारी का आभार जताया, तथा वे कुछ गीतों में थिरकती दिखाई दी।डीएम अनुराधा पाल ने सभी जिलेवासियों को होली की बधाईया दी।

# स्थानांतरण रद्द नहीं होने पर अनशन की चेतावनी

अल्मोड़(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने मेडिकल कॉलेज में अपनी मांगों को लेकर धरना दे रहे चिकित्सकों के समर्थन में धरना स्थल पर पहुंचे तथा सरकार से पुरजोर चिकित्सकों के इन तबादलो को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की पुरजोर मांग की। श्री कर्नाटक ने धरना स्थल से ही स्वास्थ महानिदेशक विनीता शाह एवम स्वास्थ सचिव आर राजेश कुमार तथा निदेशक चिकित्सा शिक्षा डॉक्टर आशुतोष सयाना से वार्ता की तथा मांग की कि तत्काल प्रभाव से चिकित्सको के तबादला आदेश निरस्त किए जाए जिस पर उनके द्वारा निरस्त किए जाए जिस पर उनके द्वारा सकारात्मक आश्वासन दिया गया कि सायं तक इस विषय पर सकारात्मक कार्यवाही की जाएगी।विदित हो कि चार दिन पूर्व शासन ने देर सायं अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज से लगभग एक दर्जन चिकित्सको का स्थानांतरण कर दिया जिससे जनता सहित चिकित्सकों में काफी रोष है।अपना स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग को लेकर उक्त चिकित्सक ओ पी डी का बहिष्कार कर धरना दे रहे है। धरना स्थल पर पहुंचकर पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने चिकित्सको के धरने को अपना समर्थन दिया तथा कहा कि अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज पहले से ही स्वास्थ सुविधाओ के नाम पर रेफलर सेंटर बना हुआ है।ऐसे में लगभग एक दर्जन चिकित्सको के स्थानांतरण से मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है तथा जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।श्री कर्नाटक ने कहा कि यदि तुरंत प्रभाव से इन चिकित्सको का तबादला निरस्त नहीं किया जाता एवं मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ सुविधाएं दुरुस्त नहीं को जाती तो मजबूर होकर वे मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवम प्रदेश सरकार के खिलाफ धरने पर बैठेंगे।धरने में डॉक्टर चौनी खान,डॉक्टर गरिमा टम्टा,डॉक्टर हिमानी जलखानी,डॉक्टर कोशल पांडे,डॉक्टर मनोज वर्मा,डॉक्टर मोहम्मद बिलाल अली त्यागी,डॉक्टर मुकेश शर्मा,डॉक्टर ओम प्रकाश फौजदार,डॉक्टर प्रियांक गोयल,डॉक्टर तारा सिंह,डॉक्टर वेदांत शर्मा,डॉक्टर विनीता आर्या उपस्थित रहे।श्री कर्नाटक के साथ समर्थन देने वालो में बी एस मनकोटी,राजेश सिंह अलमिया, प्रदेश महामंत्री कांग्रेस एस सी प्रकोष्ठ रोहित शैली,देवेंद्र प्रसाद कर्नाटक,गौरव अवस्थी, हेम जोशी,पूर्व कांग्रेस जिला प्रवक्ता राजीव कर्नाटक उपस्थित रहे।

## स्मैक समेत नशा कारोबारी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। ऑपरेशन क्रैकडाउन के तहत चलाए अभियान के क्रम में पुलिस टीम ने एक और स्मैक के कारोबारी को दबोच कर पूछताछ के बाद उसे सलाखों के पीछे कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुंडा पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने पुराना ढेला पुल के समीप चेकिंग के दौरान उधर से होकर मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 डब्लू/3907 पर फर्राटा भर रहे एक युवक को शक के आधार पर रोक लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम वार्ड नंबर 4 मस्जिद के पास महुआ खेड़ा गंज, पुलिस चौकी पैगा थाना आईटीआई निवासी जाहिर अल्वी पुत्र साबिर अली बताया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 12:02 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। नशा कारोबारी ने पुलिस कड़ी पूछताछ में बताया कि उत्तर प्रदेश के जनपद रामपुर निवासी सलमान नामक युवक से सस्ते दामों में स्मैक खरीद कर उसे जसपुर तथा काशीपुर आदि क्षेत्रों में फुटकर बेचा करता है।

## तमंचा व कारतूस समेत बदमाश गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। गंभीर अपराध घटित करने की नियत से चहल कदमी कर रहे एक बदमाश को पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचते हुए उसके कब्जे से तमंचा व कारतूस बरामद किया है। जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार बदमाश का पुलिस द्वारा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने खरवासा मार्ग से केलामोड़ की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध युवक को चहल कदमी करते हुए शक के आधार पर घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम जुड़वा नंबर 2 कुंडेश्वरी निवासी गौतम पुत्र ब्रह्मपाल बताया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से पुलिस को एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद पकड़े गए बदमाश के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## हजारों की नगदी के साथ सटोरिया गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। सट्टे की अवैध खाई बाड़ी में लिप्त एक और सटोरिया को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हजारों रुपयों की नकदी बरामद करने का दावा किया है। पकड़े गए सटोरिया का पुलिस द्वारा गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया गया। कार्यवाही के बारे में पता चला है कि कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान मजरा रोड पर मिलन मैरिज हॉल के समीप संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते एक युवक को पुलिस ने शक के आधार पर दबोच लिया। तलाशी में उसके कब्जे से 2150 रुपयों की नकदी के अलावा सट्टे की पर्ची पेन आदि बरामद हुआ। पुलिस ने आवश्यक जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार सटोरिया का गैंबलिंग एक्ट के तहत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

## होली को लेकर हुई अमन कमेटी की बैठक

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष केलाखेड़ा द्वारा आगामी दिनो में आने वाले होली के त्यौहार को शांति व सौहार्द पूर्वक मनाने के लिए क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियो व सीएनजी मेम्बरो के साथ बैठक कर होली के त्यौहार को एक दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए सौहार्द पूर्ण मनाने की अपील की तथा अपराधिक व शरारती तत्वो पर नजर रखते हुए उनके द्वारा की गई किसी भी असमाजिक गतिविधि के बारे में तत्काल पुलिस को सूचना देने की बात कही। इस मौके पर महेन्द्र कालड़ा ,ज्ञान चंद गुप्ता,बाबा बेअंत सिंह,नगर पचायत अध्यक्ष अकरम खाँ, राहुल सक्सेना,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष हामिद अली, ग्राम प्रधान जसविन्द सिंह,शेर चंद पूर्व प्रधान जगदीश काम्बोज,परमजीत सिंह,राजीव नेहरा,उदयपाल,जुल्फेकार अली आदि लोग उपस्थित थे।


### सार्वजनिक सूचना

ग्राम बमनपुरी तहसील सितारगंज जिला ऊधम सिंह नगर स्थित खाता संख्या 81 खसरा संख्या 154 / 1 / 2 पुराना नम्बर 154 अ का भाग रकबा 0.1510 हैक्टेयर भूमि जिस पर श्री श्याम रतन फिलिंग स्टेशन (एच०पी०) पम्प संचालित है। उपरोक्त से सम्बन्धित पूर्व में मेरे द्वारा किया गया कोई भी मुख्तारानामा आम (पावर ऑफ अटार्नी) रजिस्ट्रीशुदा अथवा नोटरी शुदा चाहे किसी के भी पक्ष में की गई हो उसका प्रयोग करना अवैध माना जायेगा। ऐसी कोई भी पावर ऑफ अटार्नी ( मुख्तारनामा आम ) तत्काल प्रभाव से निरस्त की जा रही है। तथा मुझ पर बाध्यकारी नही होगी ।

शिखा बंसल पत्नी श्री पवन कुमार बंसल,निवासी ग्राम पचपेडा तहसील–सितारगंज जि.–ऊधमसिंह नगर,हाल निवासी–हंस विला 72–ए, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ यू०पी०



### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नीरज कुमार बजाज (पुराना नाम ) से बदलकर नीरज बजाज (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे नीरज बजाज पुत्र श्री अशोक कुमार बजाज के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता–वार्ड नंबर 5 बलवंत कॉलोनी किच्छा,जिला- उधम सिंह नगर। पिन–263148


## विद्युत चोरी करने के आरोप में दो नामजद

काशीपुर(उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर महिला समेत दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। पुलिस को दी तहरीर में विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि जुड़वा नंबर 2 कुंडेश्वरी निवासी होशियार सिंह पुत्र रामस्वरूप सिंह तथा यही की रेनू पत्नी सोनू पिछले लंबे समय से एलटी लाइन में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया है।

## पेज एक का शेष...

**बीस हजार के ईनामी..**निरीक्षक प्रवीण त्यागी द्वारा पिछले वर्ष 7 अक्टूबर को गौरव कुमार निवासी ग्राम खेड़ा थाना सरधना जिला मेरठ उत्तर प्रदेश निवासी के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा कोतवाली में दर्ज कराया था उन्होंने बताया कि आरोपी द्वारा स्थाई एवं जाति प्रमाण पत्र हेतु तहसील रामनगर में ऑनलाइन आवेदन किया गया था जांच पड़ताल के बाद पता चला कि आरोपी द्वारा आवेदन के साथ फर्जी परिवार रजिस्टर की नकल कूट रचित खतौनी स्थानीय निवासियों की लगाई गई थी ऑनलाइन सत्यापन के दौरान आरोपी का यह फर्जीवाड़ा पकड़ा गया था जिसके बाद उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था उन्होंने बताया कि आरोपी करीब 5 माह से फरार चल रहा था तथा वर्तमान में सीआईएसफ के खारावाला रीजनल ट्रेनिंग सेंटर भुवनेश्वर उड़ीसा में प्रशिक्षण ले रहा था उन्होंने बताया कि इस मामले के विवेचक पीरु मदारा चौकी इंचार्ज राजेश जोशी द्वारा आरोपी गौरव कुमार को उक्त क्षेत्र से गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की गई है उन्होंने बताया कि आरोपी पर पूर्व में 20000 का इनाम घोषित किया गया था।

**धरपकड़ अभियान में...**न्यायालय के समक्ष पेश किया गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक अर्जुन गिरी,कांस्टेबल महेंद्र कुमार ,महेश राम,महेंद्र सिंह ,महिला कांस्टेबल रेखा आदि शामिल थे। वहीं ट्रांजिट कैम्प थाना पुलिस ने संजू देवी पत्नी जसवंत सिंह निवासी शिव नगर गली नंबर 2, रविंद्र पुत्र बिहारीलाल निवासी शिव नगर ,प्रेम शंकर पुत्र बिहारीलाल निवासी शिव नगर थाना ट्रांजिट कैंप ,सोहन उर्फ सोनू पुत्र हरिओम निवासी सी0 ब्लॉक, वीरेन्द्र मंडल पुत्र सजल मंडल निवासी अरविंद नगर , संजय वर्मा पुत्र शशिकांत वर्मा निवासी के ब्लाक ट्रांजिट कैम्प और सूरज यादव पुत्र अशोक यादव निवासी मछली मार्केट वार्ड नंबर एक ट्रांजिट कैम्प को गिरफ्तार किया है जिन्हें बाद मेडिकल परीक्षण माननीय न्यायालय पेश किया गया। इसके अलावा खजान सिंह निवासी अटरिया रोड थाना ट्रांजिट कैंप जनपद उधम सिंह नगर को माननीय प्रधान न्यायालय परिवार रामनगर जिला नैनीताल में पेश किया जाएगा।पकड़ने वाली टीम में उपनिरीक्षक मुकेश मिश्रा, कांस्टेबल एसुभाष और राकेश खेतवाल आदि शामिल थे।

**हर वायदे को पूरा...** इसी का परिणाम है कि मुख्यमंत्री धामी ने इस वर्ष आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय खेलो में मलखंब को भी शामिल किया है। अपने संबोधन में प्रभारी मंत्री रेखा आर्या ने खेल विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार ने 8 से 14 वर्ष तक के बालक व बालिकाओ हेतु मुख्यमंत्री उदीयमान उन्नयन योजना शुरू की है जिसके तहत हर जिले से 150 बालक व बालिका को हर माह 1500 रुपये की छात्रवर्ती दी जा रही है।इसके साथ ही हम खिलाड़ियो के लिए राज्य मे चार प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण लागू करने जा रहे हैं। जिसका लाभ उन्हें सरकारी सेवाओं में प्राप्त होगा। कहा कि सरकार व खेल विभाग ने स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड के साथ ही राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जितने वाले खिलाड़ियो को प्रोत्साहन राशि मे बढ़ोतरी की है। साथ ही इस अवसर पर रेखा आर्या ने खेलो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले खिलाड़ियो को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ,मेयर जोगेंद्र पाल रौतेला सहित विभागीय अधिकारी व स्थानीय जनता उपस्थित रही।

**घर में अकेली ...**में चोरी हुई थी। उस वक्त चोर नल की टोंटियां और अन्य समान ले गए थे। महिला के पति इंद्रराज धवन की काफी समय पहले हो मौत हो गई थी। महिला के पति ट्रांसपोर्टर का काम करते थे।बताया गया है। 28 फरवरी को किराएदार ने कमरा खाली किया था। पुलिस ने किसी जान पहचान के व्यक्ति पर शक जताया है। क्योंकि बुजुर्ग महिला ने अंदर से गेट खोला था और अंदर जाली वाला दरवाजा भी खुला था।

**स्मैक के साथ..**बताया कि उसके पास स्मैक है जिसे वह नशेडियो को बेचने जा रहा था। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद क्षेत्राधिकारी अनुषा बडौला के आने पर उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से करीब 10.58 ग्राम स्मैक बरामद हुई। राहुल शर्मा ने बताया कि वह स्वयं स्मैक लेने का आदी है तथा स्मैक बेचने वाले व्यक्ति जिसे वह नही जानता है मोदी मैदान मे उससे थोड़ा थोड़ा कर खरीदकर बेचता है। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर नशा तस्कर राहुल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**गौपालन से दुग्ध उत्पादन...** दूबे, नरेश कंसल, राकेश त्यागी,आदेश ठाकुर, सतीश उपाध्याय, उमेश अग्रवाल, के बी अग्रवाल, अनिरुद्ध राय,आनन्द बल्लभ भट्ट, अरविन्द चोरसिया, सोनू गुप्ता, दयानन्द तिवारी, राजेश जिन्दल, राजू नगदली, सुमन राय, बीना साहू, मीना अरोरा,ललिता पंवार, जया जोशी आदि उपस्थित रहे। सचालन महामंत्री महेश मित्तल ने किया।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम आनन्द कुमार से बदलकर आनन्द कुमार बत्रा रख लिया है। भविष्य में मुझे आनन्द कुमार बत्रा के नाम से जाना पहचाना जाए।

आनन्द कुमार बत्रा पुत्र श्री सतनाम दास, निवासी–डी–15,वार्ड नंबर–12, हरि मंदिर गली,रुद्रपुर, जिला–उधम सिंह नगर, उत्तराखंड



MANUFACTURE DATE, EXPIRY DATE, BATCH CODE, PRINTER




NEELKANTH ENTERPRISE

Near G Mart, Kashipur By Pass Road, Rudrapur Ph.: 9837071614


# ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में राष्ट्रीय सुरक्षा माह शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में आज से राष्ट्रीय सुरक्षा माह कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम फैक्ट्री के प्रबंधक प्रबोध खेर ने एचआर हेड मुक्ता टंडन, असिस्टेंट एचआर शिवनाथ दूबे, संस्थान के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर आदि की मौजूदगी में झंडा रोहण किया साथ ही राष्ट्रीय सुरक्षा माह का बैनर जारी किया। इस मौके पर उपस्थित



सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेवारियो के लिए शपथ ली। उक्त सभी वरिष्ठ फैक्ट्री अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उनका पालन करने की अपील की गई। सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत फैक्ट्री परिसर में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर प्रतियोगिता, सुरक्षा उपकरणों के स्टॉल व गोष्ठी आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसमे प्रतिभागी तथा विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर क्वालिटी मैनेजर नितिन, प्रोडक्शन मैनेजर संदीप सिंह, गौरव सिंह, बृजेश, गजेंद्र, रोबिन, रीमा आदि मौजूद थे।

## परीक्षा केंद्रों पर 144 लगाई

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। उप जिला मजिस्ट्रेट सदर गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि 5 मार्च को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक की लिखित परीक्षा–2022 के सफलतापूर्वक संचालन में कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों में शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के सम्पादन में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा–144 के प्राविधानों के तहत निषेध ज्ञायें लागू है। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति परगना अल्मोड़ा अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अन्दर अस्त्र–शस्त्र, अग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी डन्डा लेकर नहीं चलेगा। किन्तु यह आदेश सुरक्षा बलों, शान्ति व्यवस्था में लगे कार्मिकों, अर्द्धसैनिक बलों, पी0एस0सी0 पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अन्दर किसी भी बाहरी व्यक्ति की प्रविष्टि निषिद्ध होगी, किन्तु यह आदेश परीक्षार्थी एवं शान्ति व्यवस्था में तैनात पुलिस बलों आदि व परीक्षा केन्द्र पर डयूटी में तैनात प्राधिकृत व्यक्तियों एवं राहगीरों पर प्रतिबन्धित नहीं है। परीक्षा केन्द्र के आस–पास परीक्षा को प्रभावित करने के उद्देश्य से 05 या इससे अधिक व्यक्ति एक झुण्ड बनाकर एक स्थान पर एकत्रित नहीं होगें। धार्मिक कार्यक्रमों, शादी विवाह तथा शव यात्रा इस आदेश से मुक्त रहेंगी। यह आदेश नियत परीक्षा तिथि 05 मार्च, 2023 को प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक लागू रहेगा बशर्ते कि इससे पूर्व इसे निरस्त न कर दिया जाय।

## बागनाथ मंदिर समिति की सुरक्षा व्यवस्था की मांग

बागेश्वर(उद संवाददाता)। बागनाथ मंदिर में पांच मार्च को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। महिला–पुरुष होली में शामिल होंगे। इसके अलावा छह मार्च को होली की चतुर्दशी है। बागनाथ में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद होनी है। बागनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष नंदन सिंह रावल के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा गया। मंदिर समिति अध्यक्ष नंदन रावल के नेतृत्व में गए लोगों ने पुलिस से कहा कि पांच और छह मार्च को होली कार्यक्रम बागनाथ मंदिर पर आयोजित होने हैं। होली चतुर्दशी को कई गांवों की होली मंदिर आती है। इस दौरान मंदिर परिसर पर कोई घटना या दुर्घटना, झगड़ा–फसाद आदि नहीं हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। कहा कि होली पर्व को सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए उन्हें पुलिस की मदद भी चाहिए। इधर, पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार वर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाएगी।

## दुर्घटना की मजिस्ट्रीयल जांच के आदेश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जिला मजिस्ट्रेट वन्दना ने बताया कि दिनॉक 23 फरवरी, 2023 के सायं लगभग 04:00 बजे ग्राम पच्चीसी, पटवारी क्षेत्र छानी, तहसील सोमेश्वर में एक निजी अपंजीकृत ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उक्त वाहन में सवार 2 व्यक्तियों को चोट आयी। जिन्हें राजकीय प्राथमिक एलोपैथिक चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार उपरान्त हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन के दुर्घटना के कारणों की मजिस्ट्रियल जाँच हेतु उप जिला मजिस्ट्रेट, सदर, अल्मोड़ा को जाँच अधिकारी नामित किया गया है। उन्होंने जाँच अधिकारी को निर्देश दिये है कि वाहन दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जाँच कर सुस्पष्ट जाँच आख्या एक पक्ष के अन्दर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## ग्रामीण महिलाओं को बांटे 300 चूजे

गदरपुर(उद संवाददाता)।ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाए जाने के उद्देश्य से समृद्धि कृषि उत्पादक संगठन सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा 20 लाभार्थियों को मुर्गी के 300 चूजों का वितरण किया गया स बुध बाजार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र काशीपुर से पहुंचे प्रोफेसर डॉ. अनिल सैनी ने लाभार्थियों को मुर्गी पालन की जानकारियां प्रदान की। इस दौरान समिति अध्यक्ष सीमा ठुकराल, रश्मि रावत, ललिता खरवार, कमलेश कोरंगा सहित अन्य लाभार्थी मौजूद थे।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

www.cps.edu.in
cps.rdr
ColumbusPublicSchool
CPS_Rudrapur

COLUMBUS PUBLIC SCHOOL RUDRAPUR
GLORIA IN EXCELSIS
Estd. 1997

# COLUMBUS PUBLIC SCHOOL

(Affiliated to C.B.S.E., New Delhi) Affln. No.: 3530120

Nursery to 12th (Arts, Science & Commerce)

Session 2023 - '24

# Admissions Open

Limited Seats. Merit-based waiver on Admission Fee.

brainfeed SCHOOL EXCELLENCE AWARDS 2022-23
brainfeed TOP 500 SCHOOLS OF INDIA 2022-23
Ranked Category A+ by C.B.S.E



For Registration Call +91 9927927999

Bali Vihar, Model Colony, Rudrapur (Uttarakhand) | cps@cps.edu.in

Tel. No. : (05944) 244076 | 9927963999